**श्री रामेश्वर सिंह :** कांग्रेस पार्टी में लोगों ने . . . (**व्यवधान**) . . . अंतुले को तो आप लोगों ने चुना . . . (**व्यवधान**)

**श्री कल्पनाथ राय :** श्रीमन्, मैं कहना चाहता हूं कि आप अंतुले की बात कहते हैं, क्या शरद पवार से भी कोई करप्ट चीफ मिनिस्टर हिस्ट्री में हुआ है . . . ? (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): Mr. Kalpnath Rai, just a minute. I am not interrupting you. When I am the Presiding Officer, I cannot stop you. You can say whatever you like and I do not want to stop you at all. But when I go back to my seat, I will say whatever I want to. So you go ahead. I am not interrupting you.

SHRI KALPNATH RAI: I can say that Sharad Pawar was a politically corrupt Chief Minister, a defector, and he had built more than ten trusts and collected crores of rupees. He ig the most corrupt Chief Minister in the history of India. I demand a commission of inquiry to go into the question of all the money collected by Sharad Pawar, the money, he collected hi the form of trusts.

**श्री रामेश्वर सिंह :** श्री भजन लाल . . .

SHRI KALPNATH RAI: He himself created a trust. Talk of Chaudhry Charan Singh. Don't talk of Bhajan Lai. *(Interruptions).* I know Ramesh-war Singh and how to reply to him.

अब मैं इन बातों को छोड़ कर इनकम-टैक्स के संबंध में कुछ बात करना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (**श्री अरविंद गणेश कुलकर्णी**) : अब सही निर्णय लिया।

**श्री कल्पनाथ राय :** आज जिस दौर से देश गुजर रहा है, इस दौर में जिस गम्भीरता और जिस राष्ट्रीय मतैक्य की आवश्यकता है, इसमें सभी दल के लोग मिल कर इस मुल्क की अर्थ-व्यवस्था को बचाने की दिशा में सोचें, वह आज इस पार्लियामेंट में देखी नहीं जा रही है।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा-स्फीति का शिकार दुनिया के सारे मुल्क हैं और दुनिया की जो मजबूत व्यवस्थाएं भी हैं, वे भी अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा-स्फीति की शिकार हैं और हिन्दुस्तान जैसा गरीब देश जो एक विकासशील देश है, एक डिवैलपिंग कण्ट्री है, जिसकी जन-संख्या दुनिया में जबरदस्त बढ़ी हुई है, उस मुल्क की अर्थ-व्यवस्था को ठीक ढंग से चलाने के लिए मुद्रा-स्फीति को रोकने के लिए ठोस और समयबद्ध कदम उठाने होंगे . . . (**व्यवधान**)

**श्री रामेश्वर सिंह :** तीनों मिल करके भी नहीं कर सकते . . . . (**व्यवधान**)

**श्री कल्पनाथ राय :** इण्टरनेशनल इनफ्लेशन, बैलेंस आफ पेमेंट, या इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट यह चीजें अगर . . . . . . . रामेश्वर सिंहजी आप दखल न दें, तो ठीक होगा इसलिए मैं कहता हूं, आज प्रोडक्टिव्ह इकानामी की देश को आवश्यकता है, और वांचू कमेटी के रिकमण्डेशंस के आधार पर डेवलपिंग कन्ट्री लाइक इंडिया में एक परेलल इकानामी चल रही है। उसको ही रोकने के लिए वांचू कमेटी ने कुछ सुझाव दिए हैं। मैं सरकार से चाहता हूं उस पर आप गौर करें।

हमारे वित्त मंत्री महोदय ने कहा कि हम शुगर क्यों इम्पोर्ट करें, व्हीट क्यों इम्पोर्ट करें, सीमेंट क्यों इम्पोर्ट करें? हमारे देश के धरती के पेट में इतनी दौलत है, इतनी ताकत है कि हम दुनिया को एक्सपोर्ट कर सकते हैं, तब हम अपने देश में क्यों इम्पोर्ट करें? कारण क्या है? यदि हम अपने देश के किसानों को, खेत में काम करने वाले लाखों लाख किसानों

को यदि उनकी पैदा की हुई चीजों के रेम्युनरेटिव प्राइसेज देंगे तो निश्चय ही हमारे मुल्क का उत्पादन बढ़ेगा और हमको बाहर से नहीं मंगाना पड़ेगा । हमारे देश में इतना डिपाजिट है लाइम, जितना डिपाजिट रोहतास जिले में, भागलपुर के पास है, उससे हम सारे एशिया को सीमेंट सप्लाई कर सकते हैं। आप जानते हैं, हमें शुगर इम्पोर्ट करना पड़ रहा है, जनता पार्टी की जन-घाती और राष्ट्र-घाती, किसान घाती नीति के कारण विदेश से आयात करना पड़ रहा है । तो प्रश्न यह उठता है कि जिन चीजो की बहुतायत है, जो हमारी धरती पर पैदा हो सकती है उन पर हमें आत्म निर्भर होना चाहिए हमें ऐसी पालिसी बनानी चाहिए कि जितना जो कमाता है, 100 में 60 हिस्सा सरकार ले ले । मैं सरकार से चाहता हूं वह इस कर-नीति को अपनाए ताकि दो तरह के कमाने वाले लोग अपने पास पैसा न रखें । मैं तो सरकार से चाहूंगा कि जो व्यक्ति 100 रु० कमाता है उसको कम से कम 50 रु० अपना पैसा रखने का मौका दिया जाना चाहिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): Please conclude.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI); Rou have to conclude now.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): I have got no time. I have to complete this in record time.

**श्री कल्पनाथ राय :** दूसरी बात मुझे यह निवेदन करना है कि इस मुल्क की इकानामी को प्रोडक्शन ओरियेंटेड बनाया जाय और जितना फजूलखर्ची का सामान इस मुल्क में पैदा होता है उसको बंद किया जाए । इस मुल्क के अंदर फिजूलखर्ची की चीजें न प्रोडयूस की जाएं न ही उनका कंजम्पशन अलाऊ किया जाय जब तक इस मुल्क में कैपिटल नहीं हो जाता है। जो मुल्क में दौलत छिपी हुई है ब्लैक मनी, उसको समाप्त करने की जरूरत अगर सरकार नहीं समझती है तो हम कदापि इस मुल्क की अर्थ-व्यवस्था को मजबूत नहीं कर सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय आज पूरी दुनिया के पैमाने पर 5600 करोड़ रु० का तेल हमें विदेशों से खरीदना पड़ रहा है यानि अंतर्राष्ट्रीय तनाव की परिस्थितियों के कारण 600 करोड़ से ज्यादा डिफेंन्स पर, 6200 करोड़ रुपये हमारी इकानामी पर बोझ पड़ा है । इस स्थिति को मद्देनजर रखते हुए हमें ऐसी इकानामी की व्यवस्था करनी पड़ेगी कि हम दुनिया के बाजार अपने देश का सामान ज्यादा से ज्यादा बेचें और कम से कम सामान हम अपने मुल्क में खरीदें ताकि हमारा बैलेन्स आफ पेमेन्ट घटे और हम कैपिटल फार्मेशन करके एक मजबूत अर्थ-व्यवस्था का निर्माण करें ताकि हमारे देश का स्वरूप आधुनिक, विकासशील, समाजवादी देश, इन्दिरा गांधी के सपनों का शक्तिशाली देश बना सकें ।

**श्री राम लखन प्रसाद गुप्त : (बिहार)** उपसभाध्यक्ष महोदय यह जो इनकम टैक्स अमेंडमेंन्ट बिल लाया गया है मैं इस का स्वागत करता हूं और मैं धन्यवाद देता हूं कि मंत्री जी ने ब्लेक मनी निकालने की बहुत कुछ कोशिश की हैं। 10,000 रुपये तक जिसमें ब्याज भी है, [उसका पेमेंट कहीं से भी हो --बैंक या कोआप-

[श्री राम लखन प्रसाद गुप्त]

रेटिव बैंक या फर्म से – तो चैक के द्वारा एकाउंट पेयी हो, या बोयरर बाण्ड के लिए जैसा उन्होंने किया है, यह बहुत ही अच्छी बात है।।

परन्तु मैं मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर खींचना चाहूंगा कि क्या यह पर्याप्त है? जैसा सभी माननीय सदस्यों ने कहा है यह बिल्कुल ही पर्याप्त नहीं है। इसके अतिरिक्त भी बहुत से ऐसे नान-बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स हैं जहां से रुपये का लेन-देन होता है, पर उनको इस में नहीं लिया गया है। कलकत्ते में एक संचिता कह कर फर्म है जो 48 परसेंट इन्टरेस्ट देती है। 12 परसन्ट लिखा जाता है, परन्तु 48 परसेन्ट इन्टरेस्ट लोगों को देती है और लोग वहां पर रुपया जमा करते हैं। ऐसे नान-बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स हैं। उधर भी ध्यान देना चाहिए।

दूसरी चीज यह है कि इनकम टैक्स को वर्किंग बहुत ही असन्तोषजनक है। 77 में जो हम ने फर्स्ट अमेंडमेंट पास किया उसके तहत जो इम्मूवेबिल प्रापर्टी को जब्त करने की बात थी उस में 2097 मामलों में कार्यवाही हुई और उसमें केवल 4 जायदाद जब्त की जा सकीं। इसी तरह 80 में 5400 पर कार्यवाही हुई और उस में केवल एक प्रापर्टी जब्त हो सकी है। हम सोच सकते हैं कि यदि यह स्थिति है तो इसके पीछे खर्च कितना है और उससे उपलब्धि कितनी मिल पाती है। इसलिए मैं माननीय मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर खींचूंगा कि वे देखें कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ठीक काम करता है या नहीं करता है। मैं साफ शब्दों में कहना चाहूंगा — बहुत ही कम अफसरों को छोड़ कर — कि इनकम टैक्स के अफसर they their own income fix यह उन की मर्जी पर है कि कितनी इनकम करें। आज चारों तरफ भ्रष्टाचार का वातावरण है। ऐसा क्यों हो गया है। पिछले 32 वर्षों के युग में भ्रष्ट राजनीतिज्ञ और भ्रष्ट नौकरशाह का मेल हो गया है, एलाइनमेन्ट हो गया है और एलाइनमेंट हो जाने के कारण वे देश को लूट रहे हैं। हमारे पूर्ववक्ता श्री कल्पनाथ राय ने कहा कि व्यापारियों से लेते हैं, लेकिन व्यापारियों से इतना रुपया नहीं आता है। अब तो सरकार के रुपयों लिये जाते हैं। अगर कोई ठेकेदार है, कहीं पर टेंडर है तो उसमें शेयर बांटते हैं – भ्रष्ट पोलिटीशियन और भ्रष्ट नौकरशाह मिल जाते हैं।

जैसा आप ने अपने भाषण में कहा था, बिहार का वातावरण बहुत खराब हो गया है। आप को सुन कर ताज्जुब होगा कि वहां पर नेशनल हाइवे 31 और मनसी रेलवे स्टेशन को बचाने के लिए गंगा में बोल्डर डाला जाता है, करोड़ों रुपये उस में खर्च होते हैं, किन्तु मुश्किल से दस परसेंट का काम होता है, 90 परसेंट रुपया ठेकेदार और इंजीनियर बांट लेते हैं। अभी एक केस आया जिस में एक इंजीनियर ने कहा कि मेरे पास एक लाख रुपये का चेक है, जो मुझे 60 हजार देगा मैं उसको 1 लाख का चेक दे दूंगा। न काम हुआ, न बोल्डर की सप्लाई हुई लेकिन 1 लाख का चेक उस ने ठेकेदार को दे दिया और 40 हजार रुपये रख लिये। आज ऐसा वातावरण है कि चाहे कोई इंजीनियर हो, पी० एच डी या पी० डब्ल्यू० डी० का इंजीनियर हो 45 हजार से कम में उसकी बदली नहीं होती है–45 हजार से ज्यादा जितना हो।

बिहार के मिनिस्टर करोड़पतियों से कोई कम नहीं हैं। मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि अगर आप समाज में ब्लैक मनी को रोकना चाहते हैं तो आप ऐसे पोलीटीशियन और ऐसे नौकरशाह, जिन की आज अट्टालिकाएं बड़े बड़े नगरों में खड़ी हैं उन सारी अट्टालिकाओं के ऊपर इनक्वायरी बैठाइये। पोलीटीशियन्स के ऊपर इनक्वायरी बैठाइये अगर उनको आमदनी के अनुपात से अधिक रुपया उन के पास है। अगर यह दो रास्ते आप लें तो इस से आम जनता में विश्वास होगा, राजनीतिज्ञों में भ्रष्टाचार कम होगा और उस के रहनसहन में सादगी भी आयेगी। इस लिए मेरी यह मांग है कि आप इस तरह की इनक्वायरी सेल बना कर इनक्वायरी शुरु करें।

दूसरी मेरी मांग है, जैसा वांचू कमीशन ने कहा है कि डिमोनीटाइजेशन आप करें और सौ रुपये के नोट को समाप्त करें। सौ रुपये के नोट की आज जरुरत नहीं है, इस को आप समाप्त करें तो इस से बहुत लाभ हो सकेगा। इतना कह कर मैं समाप्त करता हूं।

**श्री लाडली मोहन निगम :** उपसभाध्यक्ष जी, अगर खजानमंत्री जी की नीयत साफ है कि इस बिल से जो काले धन का चलन है उस को रोका जाय और जो बेनामी हवाले के तरीके से लेन देन होता है उस को रोका जाय तब तो सही है लेकिन मुझे लगता है कि इन दोनों बातों की झलक मुझे इस में मिलती नहीं है। रोग कहीं और है और इलाज कहीं और हो रहा है। इलाज हम कहीं और ढूंढ रहे हैं। हिन्दुस्तान में जितना फैशन और विलासिता का जीवन आज चारों तरफ दिखायी दे रहा है उसको आप इस से रोक नहीं सकते। इस में दो तीन चीजें खटकती हैं। आप ने कहा है कि दस हजार से ऊपर की जो रकम देनी है तो वह चेक से देनी चाहिए और वह उस को ही देनी चाहिए कि जिस के नाम चेक हो। लेकिन उस आमदनी का आप क्या करेंगे कि जो आज हिन्दुस्तान में हवाले के तरीके से की जाती है। शायद मंत्री जी को यह मालूम हो कि अब तो एक नया धंधा शुरू हो गया है। आज एक आदमी जिसने अपना इन्कम टैक्स 40 हजार का दिखाया है वही अगले साल एक लाख रुपये का दिखा देता है। इन्कम टैक्स अफसर अगर कहता है कि यह कहां से लाये तो उस का कहना होता है कि इस पर जितना टैक्स लगता है वह ले लो। मतलब यह है कि उस को कोई एतराज नहीं होता और ऐसे कितने ही आदमी को बड़े फर्म्स ने बिठा रखे हैं। पैसे वालों ने अपने कर्मचारियों के नाम से इन्कम टैक्स में रिटर्न भरवा दिये हैं और एक लाख की आमदनी आप ने उस की मान ली तो आइन्दा के लिये एक लाख पर एक हजार रुपया उस को घर बैठे मिलता रहता है और यह उस की सफेद आमदनी हो जाती है। इस को आप कैसे रोकेंगे। सवाल यह है कि ईमानदाराना तरीके से आप हिन्दुस्तान में काले धन पर रोक नहीं लगाना चाहते हो ताकि गलत तरीकों से लेन देन न हो तो एक चीज हिम्मत के साथ आप को करनी होगी। अगर आप चाहते हैं कि हिन्दुस्तान में आप के बनाये कानूनों पर सही तरीके से अमलदरामद हो तो उस के लिये जरूरी है कि हिन्दुस्तान में आप खर्च पर कोई सीमा लगायें। जब तक हिन्दुस्तान में खर्च की सीमा नहीं बंधेगी हिन्दुस्तान में काले धन को रोका नहीं जा सकता। अगर आज हम खर्च की सीमा निर्धारित कर दें, वह चाहे 5 हजार हो या 2 हजार हो या दस हजार हो, आप जो चाहे रखें लेकिन अगर एक मर्तबा आप कानून बना दें कि इस से ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता तो किसी आदमी की जो दो नम्बर की कमायी है उस को वह कहां ले जायेगा। खर्च करने पर उस को आप

[श्री लाडलीं मोहन निगम]

तत्काल पकड़ सकते हो और इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप चाहते है कि ईमानदाराना तरीके से हिन्दुस्तान में काले धन का चलना रुके तो खर्च की सीमा बांधने वाला बिल, कानून आप लाओ और दूसरी चीज यह है कि हिन्दुस्तान में जो भी पैसा बनता है अगर कोई आदमी उसे विदेश में जमा कराता है तो उस की सारी संपत्ति को आप हिन्दुस्तान में जब्त कर लो। जो भी उस के पास है। ऐसा होने पर ही आप कुछ कर सकते हो। आदमी यहां रुपया कमाता है, यहां संपत्ति बनाता है और जब उसको लगता है कि और ज्यादा यहां नहीं बनाया जा सकता तो दो नम्बर के पैसे को वह विदेशों में रख देता है। इस पर एक लम्बी बहस हो सकती है। साफ सवाल है कि हिन्दुस्तान में कोई आदमी विदेश के बैंक में अपना पैसा जमा करता है और व्यापार करता है तो उसे आप पकड़ सकते हो, लेकिन अगर कोई ऐसा भारतीय नागरिक हो जो आप की जानकारी के बिना ऐसा करता हो तो उस की आप संपत्ति जब्त करो, उस का नागरिकता का अधिकार छीन लो तभी मैं समझूंगा कि आप ईमानदार हो, नहीं तो नहीं।

एक और बीसरी बात कह कर मैं अपनी बात खत्म करुंगा। आप को हिन्दुस्तान में कहीं न कहीं बराबरी की कोई न कोई कोशिश करनी होगी, कोई सीढ़ी बनानी होगी और अगर ऐसा करना है तो उस के लिये मेरा पहला सुझाव है कि आप हिन्दुस्तान में खर्च की सीमा बांधो। दूसरे हवाले का और बेनामी का जो लेन देन होता है उस पर रोक लगाओ और उस के लिये आप यह करो कि जितने लोग हैं उन के और उन के परिवार की जो परिसंपत्ति है उस का आप को जायजा लेना पड़ेगा और तीसरे यह कि हिन्दुस्तान के सार्वजनिक जीवन में जो आदमी उतरेगा उस को अपनी परिसंपत्ति की घोषणा करनी पड़ेगी और उस को कोई भी आदमी जांच कर सकेगा जैसे अदालत में किसी केस को कोई आदमी देख सकता है। अगर बिरला के किसी कारखाने की मैं जांच करना चाहूं तो आप के यहां कोई कानून नहीं है कि इंकम टैक्स आफिस में जा कर मैं उसकी असलियत का पता लगा सकूं। अगर आप खाली क्लाइंट और अफसरों के बीच में यह मामला रखोगे तथा उसको आम आदमी के बीच का मामला बनाओगे और खर्च की सीमा बन्दी करोगे, विदेशी बैंकों में जिन आदमियों का पैसा हो, उसकी हिन्दुस्तान में सम्पत्ति की जब्ती करोगे तो कुछ हो सकता है। इसके साथ ही तीसरा सुझाव जो मैंने आपको दिया है वह है हिन्दुस्तान के सार्वजनिक जीवन में जो लोग पदार्पण करना चाहते हैं उनकी सम्पत्ति के बारे में भी आपको कहना पड़ेगा। ये तीन बातें कर दो तो मैं आपके इस बिल का समर्थन करने के लिए तैयार हूं आप जानते हैं कि जिसको बेयरर बांड आप कहते हो उसको आप बदल नहीं सकते हो। (समय की घंटी)

श्रीमान् मैं खत्म कर रहा हूं। कोई भी आदमी आज अपने बेयरर बांड को बेनामी तो बेच ही सकता है। कोई उससे पूछने नहीं जाता है कि कहां से आया। मैंने खरीदा है, कल्पनाथ जी को दे दिया, कल्पनाथ जाकर उसका भुगतान करा सकते हैं। इस वास्ते जिस मंसा से आपने यह चालू किया है, जब तक बेयरर बांड को आप बेचने से रोकने की कोशिश नहीं करते हो यह काला धन समाप्त नहीं होने वाला है। इसको आप रोक दें। इतना ही मेरा निवेदन है।

SHRI DIPENDRA BHUSAN GHOSH (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, I welcome this amend-

ment to the Income-Tax Act. But I am doubtful whether, by bringing forward this small amendment, the objective of arresting the proliferation of black, money can be achieved at all. Because, Sir, in the Income-Tax Act itself there is already a .provision in regard to business expenditure. Under section 43A(3) of the Act, Sir, there is a provision which empowers the Income-Tax Officer to examine pay ments exceeding Rs. 25,000 made Ml respect of any expenditure and dis--allow it if it is not made by a crossed cheque or by a crossed bank draft. May I inquire from the honourable Minister of State for Finance whether this prohibitive provision under this section was in any way helpful in arresting the proliferation of black money? The fact that the Government had to introduce the much-publicised Voluntary Disclosure Scheme in 1975 and the Special Bearer Bonds recently proves beyond doubt that tiny steps like the *one* just before us for consideration will not result in achieving the desired objective of arresting the proliferation or operation of black money, but will only act as a propaganda gimmick of the Government.

Sir, I may also be permitted to draw the attention of our honourable Minister to another section in the Income-Tax Act and that is section 143(1) of the Act. The provision as it stands today was first introduced to be operative from the 1st of April 1971, that is, a decade back. It was given wide publicity under the nomenclature "Summary Assessment Scheme". According to this Scheme, an assessing officer is empowered to -examine and finalise the assessment of an assessee without asking for any details in regard to the production process, etc. from the asessees. Initially, this scheme was made applicable... (Time Bell ring's). Sir, just •one minute. This is a very important point.

Initially, this Scheme was made applicable t>nly in the case of people who had a taxable income below Rs. 25,000. But, during the last ten years, this has been exceeded and it has rather increased to the tune of Rs. 1 lakh. Sir, according to the Government, today, a person whose taxable income is Rs. l lakh is a small man and, according to this provision, he is required to submit a return, but the Income-Tax Officers are not required to assess or scrutinise those returns. So, Sir, may I ask whether the repayment of the deposit amounting to Rs. 10,000 made by crossed cheque or draft will have any effect if the Income Tax Department refuses to scrutinise the details of the investment and repayments? I feel that this Bill introduced by the hon. Finance Minister will fail to arrest the prevalence of black money operations in our country. Sir, I will request the hon. Finance Minister to go into the details of causes for which the black money is created, proliferated and operated in our country. He should take effective steps for arresting it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): That is all right. Mr. Krishnan.

SHRi U. R. KRISHNAN; Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the Bill. In India black money and tax evasion a.re playing havoc in our developing economy. According to the statistics available, at least Rs. 30,000 crores of black money is in operation. I do not know how this black money has developed to a huge amount because of the tax evasion. It is also an admitted fact that in India the . highest taxation is there. That is why the people would like to evade tax. Sir, in order to avoid tax evasion and to curb black money, 1 would suggest demonetisation. At least the hundred I rupee notes should be demonetised.

Sir, in this connection 1 would also like to mention that Mr. Karunanidhi, who was indicted by the Sarkaria Commission for looting Tamil Nadu and amassing huge wealth. He has deposited crores of Rupees in Singa-{ pore and other places and started

[Shri U. R. Krishnan]

joint collaboration with a Joint Managing Director of a cement company, and established a palm oil company at Singapore. He has overnight changed more than Rs. 10 lakhs in smaller denominations with the help of an IAS officer. Even now he is giving black money for creating law and order problem in Tamil Nadu and disturb the Government of Tamil Nadu. These things should be investigated, (Time *Bell rings).*

Regarding this Bill 1 would like to know whether this cheque or draft system is going to be effective in the case of some of the institutions who know how to cheat the Government and who even advise the parties to deposit amounts which will not be more than Rs. 10,000 or indulge in *benami* transactions?

With these words, Sir, I conclude.

DR. MALCOLM S. ADISESHIAH (Nominated); Mr. Vice-Chairman, Sir, I also support the Bill, the Income-Tax (Second Amendment) Bill, 1981, for consideration and return. 1 agree with my Colleagues, Mr. Ghosh and Mr. Krishnan. The two provisions made here are *tor* payee cheques to be used for all payments above Rs 10.000, and for redemption of Bearer Bonds as part t>f the total programme to control black money. I want to say a few things about black money. First of all, there is no such thing as black money sector and white money sector. As Mr. Krishnan was saying, both black money and white money are so mixed up that we cannot really distinguish that this is black money sector. About everything, almost for every important transaction, both black money and white money are being used. This should be brone in mind. Second there are four sings of black money. First, when the taxable value of a transaction is below the actual value, black money is in operation. Secondly, the rate of return is much higher in the black money 6ector than in the white money sector. That is why, black money is being used. Thirdly, the income velocity ' of black money is much higher' than the income velocity of the official sector. Lastly, when the prices of gold and land are rising faster then the general price rise, we know that black money is in operation. This black money operation is frustrating everything that the t Government is trying to do to control inflation, to bring about development and to improve the condition of our poor people. The reasons for the operation of black money are inflation which is now slowly coming under control, but it is still there, controls which are not needed and punitive taxation. [ think while supporting this Bill, we stand all come together in asking the Government to take the ultimate remedy against black money which is demonetisation.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI); Do you want to reply to the Statutory Re- * solution?

SHRI SHIVA CHANDRA JHA. No, Sir.

SHRI SAWAI SINGH SISODIA: I am very thankful to the hon. Members who have participated in the debate. Generally, all the hpn. Members have -directly or indirectly suported the measure which is before the House. Mr. Vice-Chairman, Sir, including yourself all the other Members have supported the Bill. You have raised many points which may not be relevant and my friend, Mr. Kalpnath Rai, has replied to some Of them in the same language and with the same force. Sir, I will not like to take up the time of the House to replying to the political points which have been raised in your speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): Take n'ote of all the points. That is all right.

SHRI SAWAI SINGH SISODIA: That is noted and specially your speech-I have completely noted. One point:

raised was that out of 393 recommendations contained in the Final Report Of the Wanchoo Committee, 326 recommendations have been accepted and 317 recommendations have been implemented. Out of these recommendations, there are very few re-commenations still under consideration and a large number of them relates to administrative matters. Regarding the point made by Shri Ram Lakhan Gupta that most of the non-banking institutions would be covered by the new provision, it is because these are aU organised in companies and cooperative societies and this new amendment will cover all the other associations of persons or individuals and wiH make the provisions very difficult to administer. I will take one more minutp in giving the statistics because many Menahera have touched this topic of acquisition of the immovable property - by the Income-tax authorities. In the financial year 1978-79, the number of notices issued was 4060 and the number of properties acquired was **two.** The compensation paid was Rs. 7,59,000. Similarly, in 1979-80, notices were issued in 5382 cases. In 1980-81, this number was 5084 16 immovable properties have been acquired by the Income-tax Department. I think I need not take more time of the House because all the hon. Members have welcomed an^ supported this measure.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): I am now putting the Resolution to vote. The question is:

"That this House disapproves the Income-Tax (Amendment) Ordinance. 198 (No. of 1981) promulgated by the President on the 11th July, 1981."

*The motion was adopted.*

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu); Mr. Vice-Chairman, Sir . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): No, no.

SHRI V. GOPALSAMY; Please allow me one minute,

THR VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): There is no procedure like that, and not at this stage.

SHRI V. GOPALSAMY: Please allow me one minute.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI) : I fully agree that you want to say something. When the Third Reading comes, I will you for a minute. There is a procedure for it.

Now. I will put the Bill to vote. The question is:

"That the Bill further to amend the Income-tax Act, 1961, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion *was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): i We shall now take up clause-by clause consideration of the Bill.

*Clauses* 2 to 7 *were added to the Bill. Clause* 1, *the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI SAWAI SINGH RISODIA: Sir, I beg to move:

•'That the Bill be returned."

*The question was proposed*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): Mr. Gopalsamy, just two minutes, please.

SHRI V. GOPALSAMY: Mr. Vice-Chairman, Sir, the hon. Mr. Krishnan has made some allegations against my party leader, the 'former Chief Minister of Tamil Nadu. But, Sir, those allegations are baseless and malicious. And I would also like to . put it on record that those allegations I should be expunged from the proceedings of this House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI)": I am sorry, I am not going to do that.

SHRI V. GOPALSAMY; Sir, 1 would also like to know from the hon. Minister whether any person's property o[r] house which was attached by the Income-tax officials can be sold. I want to know! this because the Chief Minister of Tamil Nadu, Mr. M. G. Ramachandran, whose house was attached by the Income-tax officials $wa_s$ gold by him to hia wife. To whom he has sold? He has sol^ it to his wife. I want to know whether the Minister will allow any other person to do that things. The Chief Minister of Tamil Nadu sold the house which was attached by the Income-tax officials to his wife. And now they are coming and making false allegations. The allegations made here by Mr. Krishnan cannot at all be proved.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): For your information, I am not going to expunge anything.

SHRI V. GOPALSAMY. Mr. Vice-Chairman, Sir...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): Now, Shri Bagaitkar. You have two minutes.please.

**श्री सदाशिव बगाईतकर (महाराष्ट्र) :** श्रीमान, मेरा इतना ही नम्र निवेदन है कि *(Interruptions)*

**THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI):** We have allegations galore in this House. Don't worry about it.

**श्री सदाशिव बगाईतकर :** माननीय मंत्री जी अमेंडमेंट लाये है अगर उनको जड़ में डर जायें . . . .

**उपसभाध्यक्ष (श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी) :** जल्दी चलिए। ऐसा न हो कि दो घंटे तक बैठना पड़े।

**श्री सदाशिव बगाईतकर :** दलामल टैक्स में जो रेड हुआ था इनकम टेक्स विभाग द्वारा और जिसमें इंडियन टयूब कम्पनी के लिए फ्लैट खरीदा था, 65 लाख रुपये का उसमें से 35 लाख रुपये जो दिये गये वे लीगल तरीके से दिये गये लेकिन 31 लाख रुपये वह अलग तरीके से, अंडर टेबल दिये गये तब से यह मामला चला आ रहा है मेरी यह जानकारी है कि इनकम टेक्स डिपार्टमेंट द्वारा जिस तरह से रेड किये जाते हैं और बाद में उनका जो घटनाक्रम रहता है, उसको अखबार में पढ़ने के सिवाय और आगे क्या होता है इसका पता नहीं चलता है। जो आंकड़े सामने आये हैं, अटैचमेंट वगैरह के उससे साबित होता है कि इसमें करप्शन होता रहा है। इसलिये आप इसको अलग तरीके से अमल में लाने का आश्वासन यहां पर दें, इतना ही मेरा कहना है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): The question is:

"That the Bill be returned." *The* motion *was* adopted.

## THE BURMAH OIL COMJKAIY (ACQUISITION OF SHARES OF OIL INDIA LIMITED AND OF THE UNDERTAKINGS IN INDIA OF ASSAM OIL COMPANY LIMITED AND THE BURMAH OIL COMPANY (INDIA TADING) LIMITED) BILL, 1981

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ARVIND GANESH KULKARNI): We shall now take up the next Bill of Shri Sethi.

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu). What about the Special Mentions?